डबलरोटी
जॉय

डबलरोटी

माँ ने अपने जुड़वां बच्चों से कहा,

“जाओ, बेटा ज़रा डबलरोटी खरीदकर लाओ."

बच्चों ने बेकरी से एक डबलरोटी खरीदी.

फिर उन्हें एक भूखा कुत्ता दिखाई दिया.

"लो कुछ डबलरोटी खाओ," उन्होंने उससे कहा.

फिर उन्हें कुछ भूखी बत्तखें दिखाई दीं.

"लो कुछ डबलरोटी खाओ," उन्होंने उनसे कहा.

फिर उन्हें एक भूखा मुर्गा दिखाई दिया.

"लो कुछ डबलरोटी खाओ," उन्होंने उससे कहा.

आगे चलकर उन्हें एक भूखी बकरी दिखाई दी.

"लो कुछ डबलरोटी खाओ," उन्होंने उससे कहा.

घर पहुँचने पर माँ ने पूछा,
"बाकी डबलरोटी कहाँ है?"

पिताजी ने कहा,

"बाकी डबलरोटी यहाँ है!"

समाप्त